शुभ विवाह सम्पन्न

चि. नन्दकिशोर सुपुत्र स्व.श्री सत्यनारायण जी तुलस्यान, झुंझुनूं निवासी फरीदपुर बंगलादेश प्रवासी एवं **सौ. कां. लक्की** सुपुत्री श्री पवन कुमार जी सिंघानिया का शुभ विवाह 11 फरवरी 09 फरीदपुर बंगलादेश में

चि. चन्द्रप्रकाश सुपुत्र श्री ताराचन्द गुप्ता सुपौत्र स्व. श्री रामेश्वरलालजी हंसासरिया एवं **सौं.कां. श्रृद्धा** सुपुत्री श्री श्रीकांत जी मुरारका, सुपौत्री श्री रामस्वरूपजी मुरारका का शुभ विवाह 12 फरवरी 2009 को

चि. अक्षय सुपुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद जी शर्मा-ढाणीवाला सुपौत्र स्व. श्री लालचन्दजी शर्मा एवं **सौं. कां. प्रिया** सुपुत्री श्री सोहनलालजी कटवालिया, ईस्लामपुर का शुभ विवाह 12 फरवरी 09 को

चि. उमंग सुपुत्र श्री राजेन्द्र कुमार झुंझुनूंवाला सुपौत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद जी झुंझुनूवाला एवं **सौ. का. अंकिता** सुपुत्री रमेश जी खन्ना का शुभ विवाह दिनांक 12 फरवरी को कानपुर में

चि. अकुंर सुपुत्र श्री सुरेश कुमार सुपौत्र श्री बालचन्दजी ढंढारीया एवं **सौ. का. रीटा** सुपुत्री श्री गौरीशंकर जी सर्राफ का शुभ विवाह दिनांक 12 फरवरी को

चि. योगेन्द्र सुपुत्र सुभाषचन्द्र तुलस्यान सुपौत्र स्व. श्री कन्हैयालालजी तुलस्यान एवं **सौ. कां. संगीता** सुपुत्री श्री राममित्तल उदयपुरवाटी का शुभ विवाह दिनांक 12 फरवरी 09 को

सौ. कां. मीनाक्षी सुपुत्री श्रीमती सुमिता-देवेन्द्र कुमार झुंझुनूंवाला सुपोत्री श्रीमती दुर्गा देवी- स्व. केशरदेवजी झुंझुनूंवाला एवं **चि. हर्ष** सुपुत्र श्रीमती सरोज-गणेश कुमार सिंघानिया सुपोत्र श्रीमती भगवती देवी- स्व. सांवरमलजी सिंघानिया का शुभ विवाह दिनांक 13 फरवरी 09 को झुंझुनूं में

चि. कुलदीप सुपुत्र कैलाशचन्द्र जांगिड़ सुपौत्र श्री महावीर प्रसाद जी बन्दूकिया एवं **सौं. कां. सुमन** सुपुत्री श्री बलवान जी भिरानीया ढींढवा-पिलानी का शुभ विवाह दिनांक 14 फरवरी 09 को झुंझुनूं में

सौ. कां. मीना सुपुत्री रमेशचन्द्र खेतान सुपोत्री स्व. श्री मदनलालजी खेतान एवं **चि. योगेश** सुपुत्र श्री शंकरलालजी पलसानिया का शुभ विवाह 14 फरवरी 09 को झुंझुनूं में

सौं. कां. विनीता सुपुत्री श्री बुद्धप्रकाश खण्डेलिया सुपौत्री श्री किशनलाल जी खण्डेलिया, हैदराबाद निवासी एवं **चि. शरदचन्द्र** सुपुत्री डॉ. वेणुगोपाल जी अग्रवाल का शुभ विवाह 14 फरवरी 09 को हैदराबाद में

चि. रविकुमार सुपुत्र श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा, थानाधिकारी झुंझुनूं एवं **सौं. कां.वर्षा** सुपुत्री श्री सत्यनारायणजी शर्मा, अहमदाबाद निवासी का शुभ विवाह दिनांक 16 फरवरी 2009 को जयपुर में

चि. डॉ.मुकेश कुमार सुपुत्र विजय कुमार बियाला एवं **सौ.कां. प्रीति** सुपुत्री रामअवतार कौशिक का शुभ विवाह 16 फरवरी को झुंझुनूं में

सौ.कां.प्रियंका सुपुत्री श्री सुभाष सौंथलिया, सुपौत्री श्री रामप्रतापजी सौंथलिया एवं **चि.तपेश** सुपुत्र डॉ. ओमप्रकाशजी अग्रवाल का शुभ विवाह 16 फरवरी 09 जयपुर में

चि. रविन्द्र सुपुत्र श्री रामबाबू सुपोत्र स्व. श्री निवास जी उदयपुरिया एवं **सौ. कां. विनिता** सुपुत्री श्री विनोद जी गोयल, सीकर का शुभ विवाह, झुंझुनूं में दिनांक 16 फरवरी 09 को झुंझुनूं में

चि. संजय सुपुत्र श्री नरेन्द्र मारवाल सुपोत्र स्व. श्री मदनलालजी मारवाल, खेतड़ीवाले एंव **सौ. कां. मंजू** सुपुत्री श्री मुरलीधरजी कारगवाल, रींगस का शुभ विवाह दिनांक 17 फरवरी 09 को झुंझुनूं में

सौं.कां.सलोनी सुपुत्री श्री अनिलकुमार सुपौत्री स्व. श्रीलालचन्दजी पंसारी हैदराबादप्रवासी एवं **चि.नवीन** सुपुत्र श्री रामनिवासजी मंगल का शुभ विवाह 17 फरवरी 09 को

सो. कां. मोनिका सुपुत्री श्री दिनेश गुप्ता सुपोत्री श्री अन्नीराम जी जगनानी हंसासरिया एवं **चि. नरेश** सुपुत्र श्री रामनिरंजन मोदी का शुभ विवाह 19 फरवरी 2009 को अहमदाबाद में

चि. अरविन्द सुपुत्र श्रीसांवरमल केडिया एवं **सौ.कां.नीलम** सुपुत्री श्री बजरंगलालजी गोयल नीमकाथाना का शुभ विवाह दिनांक 19 फरवरी 09 को

सौ. कां. अंकीता सुपुत्री श्री अशोक जी राणासरिया सुपोत्री स्व. श्री नंदलालजी राणासरिया मालेगांव प्रवासी एवं **चि. समीर** सुपुत्र डॉ. हरिराम टिबड़ेवाल सुपोत्र स्व. रतनलालजी टीबड़ेवाल का शुभ विवाह 19 फरवरी 2009 को

सौ. कां. पूनम सुपुत्री श्री विनोद कुमार टिबड़ेवाल सुपोत्री श्री हरिकिशन जी टिबड़ेवाल भीवसर एवं **चि. राहुल** सुपुत्र श्री राजेन्द्र जी मोहता का शुभ विवाह 19 फरवरी 09 को झुंझुनूं में

चि. प्रवीण सुपुत्र श्री राजकुमार गुप्ता एवं **सौं. कां. गायत्री** सुपुत्री श्री सांवरमलजी अग्रवाल, खण्डेला का शुभ विवाह झुंझुनूं में 20 फरवरी 2009 को

चि. ईशू सुपुत्र श्रीमती संतोष-लायन के.सी.बंसलएवं **सौं. कां.आरुनी** सुपुत्री श्री जगदीश मोदी गाजियाबाद का शुभ विवाह 21 फरवरी 09 को जयपुर में

चि.सुरेन्द्र सुपुत्र श्री मोहनलाल बंका सुपौत्र श्री रामावतार बंका एवं **सौं.कां.सादी** सुपुत्री श्री प्रेमप्रकाशजी खेतान का शुभ विवाह 26 फरवरी को

सौ. कां. प्रियंका सुपुत्री श्री कैलाशचन्द अग्रवाल सुपोत्र स्व. श्री म्हालचन्दजी अग्रवाल एवं **चि. अभिषेक** सुपुत्र श्री विजय कुमार जी गोयल का शुभ विवाह 26 फरवरी को जयपुर में

सौ. कां. प्रमिला सुपुत्री स्व.श्री महावीरप्रसादजी केडिया, लुटुवाला एवं **चि. सुनिल** सुपुत्र श्री सज्जनलालजी गोयल का शुभ विवाह 26 फरवरी को

चि. अजय सुपुत्र श्री भगवती प्रसाद सौंथलिया सुपोत्र श्री रामप्रताप जी सौंथलिया, जाखल एवं **सौ. कां. निशा** सुपुत्री श्री सुशील कुमार हलवाई सुपोत्री स्व. श्री केदारमलजी हलवाई झुंझुनूं का शुभ विवाह 26 फरवरी को सूरत में

चि. अंकुर सुपुत्र श्री भगवती प्रसाद जी अग्रवाल सुपोत्र श्री रामअवतार जी अग्रवाल चुड़ेलेवाला एवं **सौ. कां. कोमल** सुपुत्री श्री विमल कुमार जी धानुका देहली का शुभविवाह 26 फरवरी को लखीमपुर खिरी में

चि. अमित सुपुत्र श्री भगवती प्रसाद जी अग्रवाल सुपौत्र श्री रामअवतार जी अग्रवाल चुड़ेलेवाला एवं **सौं. कां. पूजा** सुपुत्री श्री विनोद कुमार जी खेतान विसवां-सीतापुर का शुभ विवाह 26 फरवरी को लखीमपुर खिरी में

चि. गौरव सुपुत्र श्रीमती सुधा-स्व. श्री विश्वमोहन शर्मा एवं **सौ. कां. कुमुद** सुपुत्री श्री रमेशचन्द्रजी चतुर्वेदी, जयपुर का शुभ विवाह दिनांक 27 फरवरी को

चि. राजेश सुपुत्र श्रीमती उषा-अमृतपाल जी तुलस्यान सुपौत्र स्व. श्री बालाबक्स जी तुलस्यान झुंझुनूं निवासी कोलकाता प्रवासी एवं **सौ.कां. नेहा** सुपुत्री श्रीमती अरूणा-पुरूषोत्तम जी चौधरी, सुपौत्री स्व. श्री गौरीशंकर जी चौधरी का शुभ विवाह 27 फरवरी 09 को कोलकाता में

चि. अजय सुपुत्र श्री बनवारीलालजी मस्करा सुपौत्र स्व. श्री दुर्गादत्त जी मस्करा एवं **सौ. का. उमा** सुपुत्री श्री श्याम सुंदर जी भगत का शुभ विवाह 27 फरवरी 2009 को काठमाण्डु नेपाल में

चि. संदीप सुपुत्र श्री पुरुषोत्तमलाल अग्रवाल सुरजगढ एवं **सौ.कां. प्रियंका** सुपुत्री श्री विमलजी बेरीवाला, नवलगढ का शुभ विवाह 27 फरवरी 09 को

सानन्द सम्पन्न शुभ विवाह के अवसर पर हमारी हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं है कि वर वधु पर परमात्मा की असीम कृपा हो वे सदैव प्रसन्न रहे- माई झुंझुनूं डॉट कॉम परिवार

पुष्पादेवी खेतान फाउण्डेशन द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न

माई झु.न्यूज। श्री राणी सती मंदिर स्थित चावो दादी विद्या कुंज में बसन्त पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बसन्तोत्सव पर पुष्पादेवी खेतान फाउण्डेशन ट्रस्ट की और से अंग्रेजी विषयक निबन्ध प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उक्त प्रतियोगिता में 15 स्कूलों के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। विजेताओं को ट्रस्ट की ओर से पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिवकुमार खेतान, काशीनाथ खेतान, लक्ष्मीनारायण खेतान मुम्बई प्रवासी बतौर अतिथि उपस्थित थे। जिन्होंने विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन से समारोह का शुभारम्भ किया।

प्रिया परिवार ने किया विधायकों का सम्मान

माई झु.न्यूज। मण्डावा मोड़ स्थित आरटीडीसी ग्राउन्ड में प्रिया परिवार की और से जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक व लूणकरणसर विधायक वीरेन्द्र बेनीवाल, नवलगढ विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा, जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील का शॉल, श्रीफल, माल्यार्पण एवं अभिनन्दन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कम्पनी निदेशक महेश नूनियां एवं डायमण्ड सत्यप्रकाश बोला ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील ने की जबकि मुख्य अतिथि विधानसभा के मुख्य सचेतक वीरेन्द्र बेनीवाल एवं विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. राजकुमार शर्मा, प्रिया वर्किंग कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल इन्द्राजसिंह, कमाण्डर सत्यवीर यादव, कमाण्डर आर एस पूनियां, केवीके आबुसर के अध्यक्ष डॉ. हनुमानप्रसाद व युवा जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सुण्डा थे।

कम्पनी चैयरमेन तेजपाल नूनियां ने अपने उद्बोधन में प्रिया परिवार के संकल्प को दोहराया कि देश का हर व्यक्ति कम्प्युटर शिक्षा वाला हो। उन्होंने कहा कि इसे पूरा करने हेतु कम्पनी के लाखों लोग दिन रात एक रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. रोहित चौधरी सीए, जेपी पारीक, शारदा ढाका, कमला देवी गोदारा, डॉ. बलबीर थाकन, मनोज बराला सहित अन्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

वात्सल्य स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झु.न्यूज। मान नगर स्थित वात्सल्य स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्ष व उल्लास के साथ स्कूल प्रांगण में सम्पन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. नीरू खींचा थी जिनके द्वारा विधिवत रूप से समारोह का उद्घाटन किया गया। संचालन मीना भार्गव ने किया जबकि डॉ. एस के भार्गव ने आगन्तुकों का आभार जताया। संगीत निर्देशक एल के झा एवं विद्या माथुर सहित स्कूल के नन्हें मुन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थितों का मन मोह लिया। स्कूल प्राचार्य माया भार्गव ने संस्था गतिविधियों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

सेठ मोतीलाल (पीजी)महाविद्यालय के गणित विभाग में व्याख्यान माला

माई झु.न्यूज। महाविद्यालय स्नाकोतर गणीत विभाग में राज. विश्व., जयपुर के गणित विभाग के प्रो. (डॉ.)राजबाली तथा प्रो. के एन सिंह ने व्याख्यान दिये। प्रो. राजबाली ने 'थ्योरी ऑफ रिलेटीविटी एण्ड इट्स एप्लीकेशन' विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

प्रो. के एन सिंह 'टॉपोलोजीकल स्पेस एण्ड इट्स बेसिक कॉन्सेप्ट' विषय पर प्रकाश डाला। आपने नेबरहुड, इन्टीरियर पाईन्ट, ओपन व क्लोज्ड सेट, लिमिट पान्ट को बहुत विस्तार से स्पष्ट किया। व्याख्यान माला में गणीत विभाग की एम एस सी-फाईनल, एम एस सी प्रिवीयस व यूजी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया व अंत में अपनी जिज्ञासाओं को रखा।

प्रारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी के शर्मा व कार्डीनेट डॉ. एन के शर्मा व गणीत विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल गर्ग ने दोनों प्रोफेसर का स्वागत किया।

एसएमएल कॉलेज में पुरस्कार वितरण

माई झु.न्यूज। सेठ मोतीलाल पीजी महाविद्यालय, झुंझुनूं के प्रागंण में शनिवार को सेठ मोतीलाल पीजी महाविद्यालय झुंझुनूं व सेठ मोतीलाल शिक्षा केन्द्र, महाविद्यालय का संयुक्त वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के अध्यक्ष चन्द्रकांत मोदी ट्रस्टी, एस एस मोदी एज्यूकेशन ट्रस्ट, मुख्य अतिथि डी सी सिंघानिया, चांसलर, सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी झुंझुनूं तथा विशिष्ट अतिथि आदित्य मोदी एस एस मोदी एज्यूकेशन ट्रस्ट झुंझुनूं थे। आये हुए मुख्य अतिथियों का महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. आर के कटेवा, समन्वयक डॉ. एन के शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुशील कुमार शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ स्टाफ सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सेठ मोतीलाल शिक्षा केन्द्र महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर एल जैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में वर्ष भर महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में अशोक श्योराण को डॉ. कुंदनबाला जैन ट्राफी प्रदान की गयी। सर्वाधिक अंक पाने पर मनोज सैनी को डॉ. कुंदनबाला जैन ट्राफी, सेठ मोतीलाल पुरस्कार व सेठ झूथालाल पुरस्कार से नवाजा गया। इसी प्रकार विनिता टीबड़ा को सेठ एम पी झुंझुनूंवाला पुरस्कार, भवानी कुमावत को सेठ एसएस झुंझुनूंवाला पुरस्कार तथा वैभव शर्मा को पुष्पादेवी झुंझुनूंवाला पुरस्कार प्रदान किए गए। मंच संचालन डॉ. अनिल क्षोत्रिय व सुश्री अनुपम जांगिड़ ने किया।

योगेश तुलस्यान सम्मानित

माई झु.न्यूज। वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में योगेश तुलस्यान सुपुत्र देवकीनन्दन तुलस्यान- माई झुंझुनूं डॉट कॉम के प्रबन्ध निदेशक को एम कॉम पार्ट 1 परीक्षा में प्रथम स्थान-टॉपर रहने पर सम्मानित किया गया। योगेश तुलस्यान पूना में एमबीए कर रहे हैं। अत: उनकी अनुपस्थिति में कॉलेज की तरफ से प्रद्धत प्रशंसा पत्र सर्टिफिकेट एवं नगद राशि परिवार को प्रदान की गयी।

लावरेश्वर मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भक्त कथा सम्पन्न

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुं.न्यूज। श्री राणी सती रोड़ स्थित श्री लावरेश्वर महादेव शिव मंदिर में श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर स्थापना के अठारहवें वार्षिकोत्सव बसंत पंचमी के पावन पर्व पर श्री भक्त कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य व विशाल आयोजन किया गया। कथा मे व्यास पीठ से कथा मर्मज्ञ पंडित परमेश्वरलालजी ने भक्त कथा का सुन्दर-सजीव वर्णन किया जिस पर श्रोता भक्तगण भाव विभोर हुए बिना न रह सके।

विदित है कि कथा वाचन प. परमेश्वरलालजी का झुंझुनूं जिले के खिरोड़ ग्राम के ही हैं। आपकी देश के विभिन्न भागों में 151 श्रीमद् भागवत कथाओं का सफल आयोजन कर चुके हैं। श्री भक्त कथा में 1 को नरसी मेहता की कथा, 2 को नानी बाई रो मायरो व अंतिम दिवस मंगलवार को चुनड़ी महोत्सव सम्पन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस को अपनी ओजस्वी वाणी में बताया कि भगवान कहते हैं कि जो कोई मुझसे प्रेम करता है उसका मैं भाई, द्वारपाल, सार्थी बन जाता हूं। नरसी मैहता भक्त की अनन्य भक्ति, अटल विश्वास से ही भगवान ने नाई बाई को मायरो भर दियो नानी बाई की कथा के विस्तृत वृतांत के साथ सात दिवसीय श्री भक्त कथा का समापन हुआ। लावरेश्वर मंदिर के सामने गोयनका गौ स्थल पर कथा स्थल में आयोजको द्वारा महिलाओं एवं पुरूषों के लिए बैठने की अलग-अलग व्यवस्था इत्यादि व्यवस्थित था। कथा समापन के पश्चात मंदिर परिसर में आयोजित प्रसाद में मदिर ट्रस्ट के रमेश अग्रवाल, इन्द्रकुमार मोदी, कृपाशंकर मोदी, मुरारीलाल मोदी, संत कुमार मोदी, ब्रदीप्रसाद जालान, रमेश अग्रवाल, विजय कुमार मोदी, एवं शहर के शिवनाथराय गुप्ता, पुरूषोत्तम चांदगोठिया, पवन केडिया, आईटीओ उमेश जाखड़, आयकर निरीक्षक नवल किशोर, मधुसूदन जालान, श्री गोपाल हलवाई, गीलुराम मोदी, केशरदेव तुलस्यान, सुरेश पंसारी, डॉ. एस एन शुक्ला, दिनेश चन्द्र अग्रवाल, पवन गाडिया, अशोक तुलस्यान, विनोद सिंघानिया, संजय शर्मा एडवोकेट, शिव कुमार जालान, भरत तुलस्यान, डी एन तुलस्यान, सुरेश तुलस्यान, शिवनाथ राय गुप्ता, नरेश अग्रवाल, नरोत्तमलाल जालान, मनोहरलाल राणासरिया, पवन केडिया, सहित मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।

फोटो : रामनिवास सोनी

51 किलो दूध से रूद्राभिषेक किया : लावरेश्वर महादेव मंदिर में बसन्त पंचमी के 18 वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर भगवान शिव का 51 किलो दूध चढाकर रूद्राभिषेक कर भक्तों ने भोलेनाथ को रिझाया। इस अवसर पर पंडित मांगीलाल महमिया के आचार्य के नेतृत्व में ग्यारह पंडितों द्वारा पूजा अर्चना मंत्राच्चारण के साथ रूद्राभिषेक किया गया।

कथा समापन के अवसर पर मोहनलाल तुलस्यान, ताराचन्द गुप्ता, गीलूराम मोदी, केशरदेव तुलस्यान सहित अन्य झुंझुनूं के अग्र बन्धुओ द्वारा तथा कथा समापन बाद कथावाचक पंडित परमेश्वरलाल व दादूद्वारा बगड़ के महामण्डेलश्वर अर्जुनदास महाराज का जिला ब्राह्मण महासंघ द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभ जिलाध्यक्ष दयाशंकर बावलिया, भाजपा नेता महेश बसावतिया, नगर अध्यक्ष उमाशंकर महमियां, कर-सलाहकार संजय शर्मा, आदि उपस्थित थे।